







नवभारत

इंदौर, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025




## लायंस क्लब गोल्ड के नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 450 लोग हुए लाभान्वित

**मन्दसौर। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा नयापुरा वार्ड में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 450 से भी अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा नयापुरा वार्ड में आयोजित सर्व रोग निदान शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने एवं वार्ड वासियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई एवं दवा प्राप्त की।**

गरीब जरूरतमंद की मदद करना सराहनीय कार्य है विशेष कर अगर स्वास्थ्य की हो तो वह और भी लाभकारी होता है और उसमें जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों को ऐसे आगे आकर जनहित के कार्यों में सहभागिता करना चाहिए उक्त विचार वार्ड के नागरिकों द्वारा किए गए।

वार्ड प्रमुख ने लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड की सेवाओं के बारे कहा कि आज कल बदलते मौसम में हर व्यक्ति कुछ न कुछ बीमारियों परेशान है। जनप्रतिनिधियों को ऐसे कैम्प लगवाकर आमजन को लाभ दिलवाना चाहिए।




शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय वार्ड वासियों एवं अन्य नागरिकों ने इस शिविर में शामिल होकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय के डॉ अशोक सोलंकी की टीम, श्री मकवाना एवं मुस्कान,जिला आयुष अधिकारी की टीम, डॉ कमलेश धनोतिया एवं डॉ मनोज यादव एवं कंपाउडर नागेंद्र, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल धाकड़, होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ अमन मेहता, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ रण सिंह तंवर,ने शिविर में स्वास्थ्य सेवाए एवं प्रधान डाकघर से झाला जी की टीम,ने सेवाएं प्रदान की एवं एम डी मेडिसिन डॉ दीपक मकवाना,की टीम ने शिविर में सभी का शुगर बी पी चेक किया गया ।

इस अवसर पर लायन्स क्लब मंदसौर गोल्ड के अध्यक्ष लायन संजय पारिख,लायन राजकुमार पारिख,लायन सी ए सिद्धार्थ अग्रवाल, एवं युवा पत्रकार समाजसेवी अनिल संगवानी ने अपनी सहभागिता प्रदान की। सभी वार्डवासियों का लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा हार्दिक आभार एवं धन्यवाद दिया गया।



## प्रभाव और स्वभाव को जोड़ने वाला अट्ठम तप : आचार्य निपुणरत्न सूरीश्वर

**पिपलियामण्डी।** जीवन में प्रभु के प्रति आस्था और अनुराग को बढ़ाने में तप एक प्रभावी उत्प्रेरक का कार्य करता है। विपदाओं पर विजय पाने के लिए अट्ठम तप एक उत्कृष्ट तप माना गया है। तीर्थ क्षेत्र में तप आराधना करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। उक्त उद्गार बही पार्श्वनाथ तीर्थ पर पोषदशमी महोत्सव के अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय अट्ठम तप (तेलों) के आराधकों को संबोधित करते हुए संघ हित चिंतक आचार्य निपुणरत्न सूरीश्वर मसा ने व्यक्त किए। आचार्यश्री ने कहा कि हम सभी आत्म–कल्याण की भावना रखते हैं। कल्याण दो प्रकार का होता है, क्षणिक और शाश्वत। कल्याण का अर्थ सुख की प्राप्ति है, किंतु शाश्वत कल्याण आत्मोन्नति से जुड़ा होता है। उन्होंने बताया कि राजा कृष्ण ने भी जरासन से उत्पन्न विपदाओं के निवारण हेतु अट्ठम तप किया था। पुरुषार्थ की आधारशिला श्रद्धा है, इसलिए श्रद्धा भाव से धर्म आराधना करनी चाहिए। अट्ठम तप से आस्था प्रबल होती है और साधना में दृढ़ता आती है। तीर्थ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने बताया कि प्रातः मंदिर में गुरुदेव की निश्रा में प्रभु का अभिषेक एवं विभिन्न धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुईं। प्रातः 9.30 बजे व्याख्यान एवं देववंदन का विधान हुआ। दोपहर 2 बजे नवपद पूजन का आयोजन किया गया, जिसका लाभार्थी प्रतीक राणावत परिवार, बूढ़ा रहा।

### एक नजर में

## मंदसौर के प्रखर इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून में लेफ्टिनेंट की उपाधि से सम्मानित



**मंदसौर।** देश की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध मंगलम कॉलोनी निवासी युवक प्रखर पंड्या सुपुत्र जितेश पंड्या, सुपौत्र श्री शिवप्रकाशजी पंड्या, जो कि कैडेट्स ट्रेनिंग विंग, कॉलेज ऑफ़ मिलिट्री इंजीनियरिंग पुणे मैँ अपनी सेवाए दे रहे है, को आज इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून मैँ लेफ्टिनेंट की उपाधि से सम्मानित किया गया है, उल्लेखनीय है कि प्रखर पंड्या ने 2021 मैँ एन डी ए और टेस की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और अभी 4वर्षीय प्रशिक्षण काल चल रहा है, श्री पंड्या की शिक्षा मंदसौर मैँ ही सेंट थामस स्कूल मैँ हुई है, उनकी इस उपलब्धि पर सकल ब्राम्हण समाज के श्री रविंद्र पाण्डेय, ब्रजेश जोशी, चेतन जोशी, संजय शुक्ला, गजेंद्र तिवारी, हरीश पाठक, श्रीनिवास मोड़, कैलाश चंद्र मिश्रा आदि समाज जनों एवं शुभचिंतको ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ग्वाला समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन बसंत पंचमी पर होगा

**मन्दसौर।** श्री कृष्ण ग्वाला गवली समाज द्वारा 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी पर होने वाले सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक रखी गई। इस बैठक में सभी समाज जनो ने कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यक्रम को भव्यता से बनाने के लिए अपने अपने विचार रखे। बैठक में बताया कि जो माता–पिता, पुत्र व पुत्री का विवाह सामूहिक विवाह कार्यक्रम में करना चाहते हैं वह शीघ्र ही पंजीयन करवाये। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2025 रखी गई थी उसको बढ़कर 20 दिसंबर 2025 कर दी गई है लग्न देने का काम 4 जनवरी 2026 रविवार को किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं युवा जन काफी संख्या में उपस्थित थे।

समाज के बीच से निकले नेतृत्व, यही कोर्स का मुख्य उद्देश्य–सभांग समन्वयक मालवीय

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा का किया ओचक निरीक्षण

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा मल्हारगढ़ ब्लॉक मे संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में व्यवहारिक विषय पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। समुदाय के बिच से योग्य नेतृत्व खड़ा करने के लिए यह कोर्स संचालित किया गया है। उपरोक्त विचार मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय ने मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम द्वारा संचालित कक्षा में व्यक्त किये। सभांग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय ने उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से कम उपस्थिती होने पर वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित नही हो पायेगे। जीवन में समय प्रबंधन करना आवश्यक है। यह विद्यार्थियों के लिए बहुत ही जरूरी है। उन्होंने असाइनमेंट को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही प्रयोगशाला गांव में प्रोजेक्ट को लेकर किए जाने वाले कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, हाथ धुलाई दिवस, पोधारोपण, किशोरी बालिकाओ सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई। सभांग समन्वयक श्री शिवप्रसाद मालवीय ने मंदसौर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से चर्चा कर सामुदायिक नेतृत्व के बारे मे जानकारी दी। जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी ने कहा की सामाजिक क्षेत्र में काम करने से जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक शासन की योजनाओं का प्रचार–प्रचार करना चाहिए एवं पात्र व्यक्तियो को लाभ दिलाना चाहिए।

## ग्राम भारती ने गुर्जरबर्डिया में आयोजित किया सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



**मन्दसौर।** ग्राम भारती जिला मंदसौर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर गुर्जरबर्डिया में 14 दिसम्बर रविवार को प्रांत की योजना अनुसार सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीमती संगीता भदानिया, मुख्य अतिथि श्रीमती ममता शर्मा, विशेष अतिथि श्रीमती प्रियंका शर्मा उपस्थित थे। अध्यक्षता श्रीमती कारीबाई गुर्जर ने की। अतिथियों ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं भारत के विकास में माताओं की भूमिका आदि विषयों पर प्रकाश डाला। अतिथि परिचय विद्यालय आचार्या सु.श्री कविता धनगर द्वारा करवाया गया। अतिथि स्वागत पूर्व छात्राएं मेघा माली, दिव्यांशी शर्मा एवं आरुषि शर्मा ने किया। कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय आचार्या श्रीमती नब्बू राव द्वारा रखी गई। संकल्प विद्यालय आचार्या श्रीमती भावना कलाल ने कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय आचार्या सुश्री रवीना चौधरी द्वारा किया गया। आभार विद्यालय आचार्या सुश्री निहारिका माली द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों द्वारा वीरांगनाओं की वेशभूषा में प्रेरणादायी माताओं के संदेश दिए गए, साथ ही नारी शक्ति से संबंधित रंग बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## सुपर 5 हजार योजना के लिए 10वीं–12वीं के विद्यार्थी 31 मार्च तक करें आवेदन

**मंदसौर।** सहायक श्रम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों के लिए संचालित 'सुपर 5 हजार' योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024–25 में माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं परीक्षा में प्रथम 5 हजार तथा 12वीं कक्षा में संकायवार प्रथम 5 हजार विद्यार्थियों की प्रावीण्य सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को मंडल द्वारा एकमुश्त 25 हजार रुपये की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। पात्र निर्माण श्रमिकों की संतानों द्वारा विद्यालय के माध्यम से निर्धारित आवेदन पत्र 31 मार्च 2026 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं।




## लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक ने बच्चों को बांटे स्वेटर और मोजे


**मंदसौर। सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा 'आओ खुशियां बांटें' अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने प्राथमिक विद्यालय, नई आबादी गुजरदा पहुंचकर स्कूली बच्चों को ठंड से राहत दिलाने के लिए स्वेटर एवं मोजे वितरित किए।**

नया स्वेटर और मोजे पाकर छोटे–छोटे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। क्लब की अध्यक्ष श्रीमती उषा चौधरी ने बताया कि क्लब सचिव श्रीमती सीमा धनोतिया के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को शीत लहर से सुरक्षा प्रदान करना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना रहा। इस सेवा कार्य के दौरान लायंस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती उषा चौधरी, सचिव सीमा धनोतिया, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी सहित सुनीता मुजावदिया और मंजू मुजादिया उपस्थित रहीं।

विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाध्यापिका श्रीमती भारती जोशी एवं शिवपुरी गोस्वामी ने क्लब की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। क्लब पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस शिविर में मंदसौर का परचम लहराया

**मंदसौर। क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर में मंदसौर जिले की टीम ने साहसिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी संभागों में श्रेष्ठ कर जिले का नाम रोशन किया।**



यह शिविर जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी के स्टेट जनरल सेक्रेट्री रामेंद्र सिंह जी के निर्देशन में चल रहा है । उज्जैन संभाग का नेतृत्व दल प्रभारी एन डी वैष्णव कर रहे हैं।

शिविर के दौरान मंदसौर दल के विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विभिन्न एडवेंचर एवं एडवांस एडवेंचर गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

दल द्वारा टायर चिमनी, टायर टनल, टायर वॉल, मंकी काउंटिंग, साइकिल राइडिंग, ट्रेंच क्रॉलिंग, कमांडो ब्रिज, हाई वॉकिंग, रिवर क्रॉसिंग, लॉन्ग जंप, बैलेंसिंग, मैत्री खेल, रैपलिंग, वॉल क्लाइंबिंग, ज़िप लाइन, आर्चरी एवं एयर गन शूटिंग जैसी चुनौतीपूर्ण गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।

इस उपलब्धि में काउंसलर राजेश कुमार पंडिया एवं मोहम्मद उमर शेख , गाइड काउंसलर सलमा शाह की सक्रिय सहभागिता एवं मार्गदर्शन सराहनीय रहा। दोनों काउंसलरों मोहम्मद उमर शेख और राजेश कुमार पांडिया ने स्वयं एडवेंचर गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थियों के बीच प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

मंदसौर के जूनियर रेड क्रॉस दल की इस ऐतिहासिक सफलता पर आयोजकों, अधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम को शुभकामनाएँ दीं। यह उपलब्धि उज्जैन संभाग सहित पूरे प्रदेश में मंदसौर जिले की सशक्त पहचान को दर्शाती है।

## इलाज के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत लंबित होने से बढ़ी परेशानी

▶ अनुयोग हास्पिटल प्रबंधक द्वारा आयुष्मान कार्ड धारकों से अवैध वसूली का आरोप

**मंदसौर। अनुयोग अस्पताल प्रबंध द्वारा चांगली पंचायत के पंच के पिता के ईलाज के दौरान 20 हजार रूपये जमा करवाए और आयुष्मान कार्ड से भी 33 हजार की राशि आहरण कर मरीज के परिजन एवं शासन के साथ धोखधड़ी की गई। भर्ती उपरांत जांचें, मडिसिन से संबंधित बिल तक नही दिए, किस डॉक्टर ने क्या ईलाज किया, क्या नहीकिया गया अन्यंत्र डॉक्टर भी नही समझा पा रहे। ईलाज के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत लंबित होने से मरीज के परिजनों की परेशानी बड़ी गई।**

### 'निजी अस्पतालों की हो पूरी जांच'

विजय अहिरवार ने सीएम हेल्प लाईन के माध्यम से मांग कि साल 2022 से 2025 तक का अनुयोग अस्पताल का पूरा रिकॉर्ड चेक किया जाए और जितने आयुष्मान कार्ड धारियों से अवैध पैसा वसूला गया सबको लौटाया जाए। साथ ही इस तरह गरीबों से अवैध वसुली करने वाले इस निजी अस्पतालों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं। विजय अहिरवार की शिकायत पर अनुयोग अस्पताल के प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा की मेरे से भी 20 हजार रूप्ये ले लिये और मरे पिता के आयुष्मान कार्ड वोलेंट से भी 33 हजार की राशि आहरण प्राप्त कर लिया। यह प्रार्थी और शासन के साथ धोखाधड़ी होकर एक गंभीर अपराध है। अस्पताल के सीसीटीवी पुटेज को भी जांच मे शामिल किया जावे।

दरअसल मामला यह है कि ग्राम पंचायत चांगली के बहादरी के पंच विजय अहिरवार ने अपने पिता डालुराम अहिरवार को नई आबादी क्षेत्र पर बने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, यहां पिता को भर्ती करवाते समय उनसे अस्पताल प्रबंधन द्वारा नकद 20 हजार रुपए जमा करवाए गए थे, जबकि उनके पिता के पास आयुष्मान कार्ड है. इसके बाद उनके पिता का अस्पताल में इलाज शुरू हुआ. इस दौरान विजय अहिरवार से उनके पिता के आयुष्मान कार्ड की डिटेल ली गई।

जब उनके पिता को डिस्चार्ज किया गया, तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बताया कि उनके पिता का पूरा इलाज आयुष्मान कार्ड के जरिए किया गया है. तब उन्होंने पिता को भर्ती कराने के दौरान जमा रुपयों को वापस करने की मांग की तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें देने से इंकार कर दिया। विजय अहिरवार ने यह आरोप अस्पताल पर लगाया है। उनका कहना है कि अस्पताल में भर्ती अन्य लोगों के साथ इसी तरह से अवैध वसूली की जा रही है।

**'नहीं हुई सुनवाई तो करुंगा भूख हड़ताल'**–विजय अहिरवार ने कहा, 'पिता के उपचार के दौरान 3 दिनों तक मैं निजी अस्पताल में रहा, जहां मुझे 4 से 6 लोग और मिले और उनसे भी इस तरह से राशि वसूली गई है। इन सभी के पास भी आयुष्मान कार्ड है। मैंने इस मामले को सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से तुरंत उठाया लेकिन सुनवाई लंबीत होकर एल 3 अधिकारी के पास पेंडिग होने से उचित कार्यवाही के अभव मे मुझे वड़ी परेशानी आ रही है। गांधी चौराहा पर धरने पर बैठुंगा.'

### सीएम हेल्प लाईन पर शिकायत लंबित

आयुष्मान कार्ड मामले में सीएम हेल्प लाई पर शिकायत क्रमांक 35520950 प्रचलित है। विजय का हकना है कि अपुयोग अस्पताल के विरूद्व मेरे द्वारा शिकयत की गई जो एल–3 अधिकारी के पास लंबीत है। अनुयोग अस्पताल प्रबंधक ने पहले पैसे जमा करवाए, फिर आयुष्मान कार्ड भी लिया और बाद में कहा आपका उपचार आयुष्मान कार्ड से ही होगा।



## मजदूरों पर दोहरी मार के खिलाफ आंदोलन : सीटू

**मन्दसौर।** शायद ही कोई ऐसा कारखाना होगा जहां मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता हो या उनका देय हो चुके भुगतान को अवैध तरीके से रोका जाता हो–लेकिन राजाराम एण्ड ब्रदर्स स्टार्च फैक्ट्री मंदसौर में यह आम बात है।

सीटू जिला महासचिव गोपालकृष्ण मोड़ एडवोकेट ने बताया कि माह दिसम्बर 2025 की 13 तारीख तक मजदूरों को स्टार्च प्रबन्धन ने माह नवम्बर के वेतन का भुगतान नहीं किया। इतना ही नहीं, प्रत्येक माह 20 तारीख या इसके बाद वेतन का भुगतान किया जाता है। इसके अलावा स्टार्च प्रबन्धन ने न्यूनतम मजदूरी की बढ़ी दरों के दस माह की एरियर राशि तथा 2024–25 का बोनस जो दीपावली तक दिया जाना था, को अवैध रूप से रोक रखा है।

केन्द्र में बैठी जनविरोधी मोदी सरकार ने 40 श्रम कानूनों को निरस्त कर चार श्रम कोड लागू कर श्रम न्यायालयों को बन्द कर उद्योगपतियों को शोषण की खुली छूट देकर मजदूरों को शोषण के खिलाफ कार्यवाही करने में निहत्था कर दिया है। ऐसी स्थिति में मजदूरों के सामने शोषण के खिलाफ लड़ने के लिये संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए मैदानी लड़ाई के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं है।

## प्रार्थना वाघेला का राष्ट्रीय शालेय वालीबॉल प्रतियोगिता में चयन

**मन्दसौर।** 49 वी जूनियर राष्ट्रीय बालक/बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता दिनांक 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक झुंझुनू राजस्थान में आयोजित की जाएगी कोच अभिषेक सेठिया ने बताया है , इसके पूर्व 10 दिसंबर से 14 दिसंबर 2025 तक प्री नेशनल कैंम्प मंदसौर मे किया जाएगा ,इस प्रतियोगिता के लिए मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन मंदसौर की खिलाड़ी प्रार्थना वाघेला , का जूनियर बालिका टीम में भाग लेकर ,मध्य प्रदेश जूनियर बालिका वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेगी, उनके चयन होने पर मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह चौहान एवं सदस्यगण अनिल कियावत ,विनय दुबेला, संदीप खाबियॉ, शेर मोहम्मद खान, सज्जन श्रीमाल, त्रिभुवन कवीश्वर, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रउफ खान, रितेश पोरवाल, मिलिंद सांखला, रंजन छाबड़ा, राजेंद्र सिंह, अक्षय नलवाया, मोहित शर्मा, शैलेंद्र मसीही, अभिषेक यादव, पंकज मालवीय, चयन माली, आशीष रेठा, एंम्ब्रोज वॉल्टर , चंदन शर्मा, आस्था भावसार, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, नमन शर्मा ,दिव्यांशी गुप्ता, नेहा सालवी , गणेश परसांडिया, कविता मेघवाल , आकृति जैन, नारायण सिंह, माधव जोशी,जानवी हाडा ,साक्षी ग्वाला, रंजना कैथवास, खुशी ग्वाला,निशा वाघेला, चंचल सालवी, रितिका बैरागी, और जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर श्री बंशीलाल बारीवाल, पीजी कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार ,पी.जी कॉलेज दलौदा के खेल अधिकारी अब्दुल रजाक, उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक श्री महेंद्र शुक्ला , शा. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल उ. म. विद्यालय मंदसौर के व्यायाम शिक्षक श्री रघुवीर मालवीय व जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर व कोच अभिषेक सेठिया ने दी।

### एक नजर

सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत के बाद

## शासकीय उमावि कनघट्टी में नि :शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम



**कनघट्टी/पिपलियामण्डी। मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनघट्टी में कक्षा 6 वीं एवं कक्षा 9 वीं में नवीन प्रवेशित, बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद विद्यार्थियों को यह वितरण संभव हो पाया।**

कार्यक्रम में अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाटीदार, सरपंच महेश पाटीदार, जनपद सदस्य पंकज पाटीदार, चंद्रपालसिंह, विजय आजाद, शंभूलाल धनगर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्राचार्य सुन्दरलाल जाधव एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा लाभार्थी विद्यार्थियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें साइकिल प्रदान की गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए शासन की इस योजना को विद्यार्थियों की शिक्षा में सहायक बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में साइकिल वितरण से वंचित रहे विद्यार्थियों की समस्या को लेकर गांव के युवा प्रवीण आर्य ने उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए तथा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद वंचित विद्यार्थियों को साइकिल वितरण संभव हो सका। लेकिन विद्यालय परिवार ने जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम संभव हुआ, उन्हें ही कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया।